दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 209 मुरादाबाद 26 November 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम योगी ने अलीगढ़ को दी कई परियोजनाओं की सौगात, बोले- शहर का ऐतिहासिक महत्व



सीएम योगी ने कहा कि अब यूपी में नौकरी के लिए सैफई परिवार वसूली करने नहीं जाता। एक वह दौर था जब कहीं चाचा और कहीं भतीजा नौकरी के लिए वसूली करने निकल पड़ते थे। अब वह सब बंद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अलीगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस शहर का अपना ऐतिहासिक महत्व है। यहां विकास हो रहा है। अलीगढ़ के प्रबुद्धजन सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अब यूपी में नौकरी के लिए सैफई परिवार वसूली करने नहीं जाता। एक वह दौर था जब कहीं चाचा और कहीं भतीजा नौकरी के लिए वसूली करने निकल पड़ते थे। अब वह सब बंद है। उत्तर प्रदेश में दंगा, दंगाई और उनको सरपरस्ती देने वाले भी खत्म हैं। उन्होंने आने वाले निकाय चुनाव में भी भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य की तरह जब निकाय में भाजपा की सरकार बनेगी तो डबल इंजन की सरकार का विकास वहां भी दिखाई देगा। अलीगढ़ के प्रदर्शनी मैदान में शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 86 करोड़ 55 लाख रुपये की 88 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसके उपरांत प्रबुद्धजन सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि अलीगढ़ प्रदेश में अपनी अलग पहचान है। इस शहर ने देश की आजादी की लड़ाई से आज तक विकास के क्षेत्र में अग्रहणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह के कार्यकाल में ताला नगरी बनाकर अलीगढ़ के हार्डवेयर व्यवसाय को विकास के मार्ग पर ले जाया गया। पिछले 8 वर्ष में देश बदल रहा है, पूरा देश अमृतोत्सव मना रहा है। आज देश हम पर राज करने वाले ब्रिटेन को पछाड़कर अर्थव्यवस्था में 5वें नम्बर पर आ गया है। विकास एक निरन्तर प्रक्रिया है। उसी के तहत अलीगढ़ सहित प्रदेश में बिना भेदभाव विकास हो रहा है। आज उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश और दुनिया में नजीर बन गई है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल से पूर्व प्रदेश में लगभग सात सौ दंगे हुए। अधिकांश स्थानों पर कर्फ्यू लगा रहता था। लेकिन अब प्रदेश में कर्फ्यू समाप्त हो गया है और अपराधियों ने अपराध से तौबा कर आपराधिक गतिविधि से दूरी बना ली है। अपराधी अपनी जान की खैरियत मांग रहे हैं। पहले प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों में गंदगी का अंबार रहता था लेकिन अब साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त की गई है। महानगरों में स्मार्ट सिटी के तहत कार्य चल रहे हैं, जिनके चलते महानगरों में साफ सफाई व्यवस्था के अलावा जनता को सुविधा देने के लिए फुटपाथ स्ट्रीट लाइट बनाने के साथ विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पीएम सुनिधि योजना के तहत पटरी थैली विक्रेताओं को ऋण देने का कार्य किया जा रहा है। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। युवाओं को अच्छी शिक्षा के लिए स्मार्टफोन टेबलेट वितरित करने के साथ निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था दी जा रही है। इसी का नतीजा सामने है कि पिछले पीसीएस के परीक्षा परिणाम में निशुल्क कोचिंग में पढ़ने वाले 45 छात्रों का चयन हुआ है। पिछले सपा सरकार के कार्यकाल में लूटमार और अराजकता माहौल था, नौजवान बेरोजगारी से त्रस्त थे। कहीं चाचा जाते थे कहीं भतीजा जाते थे। सिर्फ युवाओं को गुमराह कर प्रदेश में लूटमार का कार्य चल रहा था। सीएम योगी ने कहा कि आगामी फरवरी में प्रदेश में इन्वेस्टर्स समिट कराने की तैयारी की जा रही है। प्रदेश में कोई व्यापारी अपना उद्योग लगाए तो उद्योग और उसके निवेश की गारंटी प्रदेश सरकार देगी। अलीगढ़ में युवाओं को रोजगार देने के लिए डिफेंस कॉरिडोर रोड बनाया जा रहा है अलीगढ़ को हार्डवेयर और ताला व्यवसाय के लिए माना जाता है। अब डिफेंस कॉरिडोर में सेना के लिए उपयोग करने वाले हथियार बनेंगे। वहीं अलीगढ़ में स्थापित किए गए राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय में छात्र छात्राओं को शिक्षा देने की उचित व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री प्रबुद्ध जनों से भाजपा की डबल इंजन की सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों और दुरुस्त कानून व्यवस्था की नीति जन जन तक पहुंचाने का आव्हान किया।

## अमित शाह ने कहा- कांग्रेस शासन में होते थे बड़े पैमाने पर साम्प्रदायिक दंगे, भाजपा ने स्थापित की स्थायी शांति



अहमदाबाद- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गुजरात के खेड़ा जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि गुजरात में साल 1995 से पहले कांग्रेस के शासन के दौरान साम्प्रदायिक दंगे बड़े पैमाने पर होते थे। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस विभिन्न समुदायों और जातियों के लोगों को आपस में लड़ने के लिए उकसाती थी। भाजपा ने स्थापित की है स्थायी शांति व्यवस्था- गृह मंत्री शाह ने कहा कि कांग्रेस के समर्थन से असामाजिक तत्व पहले गुजरात में हिंसा करते थे। उन्होंने कहा कि साल 2002 में अपराधियों को सबक सिखाने के बाद उन्होंने राज्य में इस प्रकार की गतिविधियों को रोक दिया। गुजरात में भारतीय जनता पार्टी ने स्थायी शांति व्यवस्था स्थापित की है। साम्प्रदायिक दंगे- अगले माह होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में खेड़ा जिले के महुधा शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया, %गुजरात में साल 1995 से पहले कांग्रेस के शासन के दौरान साम्प्रदायिक दंगे बड़े पैमाने पर होते थे। कांग्रेस राज्य में विभिन्न समुदायों और जातियों के लोगों को आपस में लड़ने के लिए उकसाती थी।%कांग्रेस ने दंगों से मजबूत किया अपना वोट बैंक- शाह ने कहा कि गुजरात में इस प्रकार के दंगों के माध्यम से कांग्रेस ने अपना वोट बैंक मजबूत किया, जिससे बड़े तबके के साथ अन्याय हुआ। उन्होंने दावा किया कि गुजरात में साल 2002 में दंगे हुए क्योंकि अपराधियों को कांग्रेस से लंबे समय तक समर्थन मिलने के कारण हिंसा में लिप्त होने की आदत हो गई थी। उन्होंने कहा, %साल 2022 में उन्हें सबक सिखाने के बाद असामाजिक तत्वों ने हिसा को छोड़ दिया। भाजपा ने सांप्रदायिक हिंसा में शामिल होने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके गुजरात में स्थायी शांति स्थापित की है।

## यूपी में बसपा के साथ गठबंधन की राह तलाश रहे ओवैसी, बोले- मायावती देश की बहुत बड़ी लीडर

हैदराबाद से लोकसभा के सदस्य और आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी को उत्तर प्रदेश में बड़ी संभावना दिखने लगी है। उत्तर प्रदेश में दलित वर्ग के समर्पित वोट को देखते हुए ओवैसी को बसपा के साथ वर्ष 2024 में उतरने का बड़ा लाभ भी दिख रहा है। ओवैसी ने गुजरात दौरे में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की जमकर प्रशंसा की है। माना जा रहा है कि ओवैसी लोकसभा चुनाव 2024 में उत्तर प्रदेश में बसपा के साथ गठबंधन की संभावना भी तलाश रहे हैं। इसी क्रम में उनका तो अब बसपा की ओर झुकाव भी होने लगा है। गुजरात के विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने आए असदुद्दीन ओवैसी ने मीडिया से वार्ता में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की जमकर सराहना की। ओवैसी ने उत्तर की चार बार मुख्यमंत्री रहीं मायावती को देश की बहुत बड़ी लीडर भी बताया है हैदराबाद से 2004 से लगातार लोकसभा सदस्य असदुद्दीन ओवैसी ने गुजरात के गोधरा में कहा कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती जी देश की बहुत बड़ी लीडर है। यह अलग बात है कि उनको अभी तो वैसी कामयाबी नहीं मिल रही है। हम उम्मीद करते हैं कि उनकी पार्टी काफी ऊपर उठे। भारत की राजनीति में बहुजन समाज पार्टी की तो अब बहुत ज्यादा जरूरत है। उत्तर प्रदेश में असदुद्दीन ओवैसी को बहुजन समाज पार्टी का बड़ा और काफी मजबूत वोट बैंक दिख रहा है। माना जा रहा है कि वर्ष 2024 में ओवैसी अब उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी के साथ चुनाव के मैदान में उत्तर सकते हैं। आम चुनाव में भी हैदराबाद से जीते। 2019 के आम चुनाव में वह फिर से जीते। ओवैसी सरकारी नौकरियों और शिक्षा संस्थानों में पिछड़े मुसलमानों के लिए आरक्षण का समर्थन करते हैं। उनके भाई अकबरुद्दीन ओवैसी तेलंगाना विधान सभा के सदस्य हैं और इसमें पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। असदुद्दीन ओवैसी के पिता सलाहुद्दीन ओवैसी भी नेता थे। वह दो दशक से भी अधिक तक हैदराबाद के सांसद रहे।

# आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण, शेष बचे विभिन्न मांगों एवं समस्याओं का निराकरण समय अवधि में करें- श्री पारसनाथ राजवाड़े

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू, डीएफओ श्री संजय यादव, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, जिला प्रशासन की पूरी टीम एवं पुलिस अमला विकासखंड ओडगी के सुदूर क्षेत्र जंगलों से घिरे ग्राम छतरंग में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन कर क्षेत्र के ग्रामीणों के विभिन्न मांग, शिकायत, समस्याओं के प्राप्त आवेदन का अवलोकन कर एवं लोगों से आपसी संवाद कर ग्रामीण जनों की बातों को सुने एवं आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया एवं शेष बचे कार्यों को समय अवधि में निराकरण करने कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। शिविर में ग्राम पालकेवरा, घुहीडीह, थाड़पथेर सहित अन्य आश्रित ग्राम के लोग शिविर में पहुंचे। शिविर में भटगांव विधायक एवं संसदीय सचिव श्री पारसनाथ राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष ओडगी, जनपद सदस्य, सरपंच एवं स्थानीय प्रतिनिधि जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। कलेक्टर सुश्री आरा ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन एवं उपस्थित गांव के लोगों से चर्चा कर ग्रामीण जनों के विभिन्न मांगो, शिकायतों, समस्याओं से रूबरू होकर कहा कि क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पानी, बिजली एवं आवागमन है। पानी की व्यवस्था जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल के तहत पानी की व्यवस्था की जा रही है, एवं बिजली के लिए सोलर लाइट के माध्यम से सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीण जनों को कहा कि सबसे ज्यादा आवेदन पानी का आया है विशेष सर्वे कर बारिश के पानी को नरवा विकास के माध्यम से एवं डबरी निर्माण किया जाएगा जिससे जल स्रोत बढ़ेगा एवं आप सभी को पानी मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए आप सभी के सहयोग एवं भागीदारी आवश्यक है। शिविर में आवागमन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड बनाने, जाति निवास प्रमाण पत्र बनाने जैसे आवेदन भी प्राप्त हुए हैं, कुछ आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया है, शेष आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को समय अवधि में निराकरण करने निर्देशित किया है। क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है, एंबुलेंस का प्रयोग करने वाले परिजनों को किसी प्रकार की शुल्क नहीं लगेगा। मरीजों को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ लेने आग्रह किया । पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने कहा कि यह क्षेत्र शांतिप्रिय है, समस्या एवं शिकायत से अवगत हुए। ठगी करने वालों, एवं वीडियो कॉल ना उठाएं, गोपनीय पासवर्ड न बताएं। उन्होंने कहा कि समस्या एवं शिकायत आने पर पुलिस अमला को तत्काल सूचित करें पुलिस विभाग हरसंभव सहयोग करेगा। डीएफओ श्री संजय यादव ने कहा की तेंदूपत्ता के संग्राहक को ऑनलाइन सीधे खाते में पैसा ट्रांसफर किया जाएगा सभी का ई केवाईसी तैयार की जा रही है, उन्होंने वन विभाग के अंतर्गत योजनाओं की जानकारी दी तथा लाभ लेने आग्रह किया। जनपद अध्यक्ष श्री मनिहारी लाल पैकरा, जनपद सदस्य रूपेश कुमार सिंह एवं सरपंच ने कार्यक्रम को संबोधित किया एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता के माध्यम से विभिन्न आवेदन प्राप्त हुए हैं, कुछ का त्वरित निराकरण किया गया है तथा शेष बचे आवेदनों को निराकरण करने कहा गया। दलहन मसूर मिनीकिट, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, ऋण पुस्तिका, दिव्यांग सहायता राशि, स्वेच्छा अनुदान राशि प्रदान किया गया आम लोगों की मांगों और समस्याओं का मौके पर ही निराकरण के लिए आज यहां विकासखंड विकासखंड ओडगी सुदूर क्षेत्र के ग्राम छतरंग में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत छतरंग के अलावा आस पास के ग्राम के ग्रामीणों ने बडी संख्या में भाग लिया और अपनी मांगों और समस्याओं आवेदन पत्र प्रस्तुत किये। विभिन्न विभागों द्वारा समस्याओं के निराकरण के लिए स्टॉल लगाया गया था जिनमें राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग, वन विभाग, पीएचई विभाग, क्रेडा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाई, ट्राईबल विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुधन विकास विभाग उद्यानिकी विभाग, अग्रणी बैंक, स्वास्थ्य जांच कर दवाई उपलब्ध कराई गई। डॉक्टरों द्वारा मुफ्त में बीपी जांच, शुगर और ब्लड जांच किया गया। आधार कार्ड सुधार, श्रम पंजीयन किया गया। संसदीय सचिव, कलेक्टर, एसपी, डीएफओ, सीईओ द्वारा राशन कार्ड, ऋण पुस्तिका, आयुष्मान कार्ड, दलहन मसूर मिनीकिट, दिव्यांग सहायता राशि, स्वेच्छा अनुदान राशि प्रदान कर लाभान्वित किया गया एवं गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को पौष्टिक आहार एवं अन्नप्राशन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भी कराया गया।

## ओड़गी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र छात्राओं ने किया श्रमदान



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर -ओड़गी । राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी के प्रांगण में निर्माणाधीन आइसोलेशन वार्ड में शासकीय नवीन महाविद्यालय ओड़गी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा श्रमदान अंतर्गत भूमि समतलीकरण निर्माणाधीन भवन हेतु दीवारों में पानी तराई एवं ईटा को इकट्ठा करके निर्माण स्थल पर ले जाना एवं साफ सफाई की गई इस मौके पर कालेज के प्राचार्य एवं काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे

# बिजली बिल पर भड़की भाजयुमो, मंडल ओड़गी के कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग का सब स्टेशन घेरा



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर -ओड़गी - भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश संगठन के आव्हान पर व जिला के निर्देश पर भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल ओड़गी द्वारा बिजली बिल में बेतहासा बृद्धि के विरोध में नारे बाजी के साथ बिजली ऑफिस सब स्टेशन ओड़गी का घेराव किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अरुण कुमार सिंह भाजयुमो महामंत्री, चंदन विश्वकर्मा भजयुमो महामंत्री,संदीप तिवारी,प्रवीण गुप्ता उपाध्यक्ष, अजेंद्र गुर्जर कोसाध्क्ष, शशांक प्रताप सिंह, श्याम लाल गुर्जर,सौरभ यादव,लोकेंद्र गुर्जर,राम बुलारक,अर्जुन सिंह,दिलबरन सिंह,रामकुमार कौशिक,देव प्रताप प्रजापति,विकेश सिंह, महेश प्रताप सिंह,राम दयाल सिंह,जयपाल सिंह,सदाराम,पवन,शिवप्रताप, अनुज कुशवाहा,धीरेन्द्र, उमेश देवांगन,जय कुमार,सीताराम यादव, भाजयुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण जन के उपस्थित में कार्यक्रम किया गया। बिजली विभाग के जे ई संजय कुमार पटेल के आश्वासन के बाद घेराव के कार्यक्रम को समाप्त किया गया। कार्यक्रम में थाना ओड़गी के स्टाप भी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव के पहले दिन विभिन्न खेलों का आयोजन: श्रीमती अर्चना पोर्ते ने युवाओं का किया उत्साह वर्धन

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- जिला स्तरीय युवा महोत्सव के पहले दिन आज विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ। फिजीकल कालेज मैदान पेंड्रा में आयोजित महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पोर्ते ने युवाओं का उत्साह वर्धन किया। उन्होने युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से युवा महोत्सव 2022-23 का आयोजन के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेष बघेल को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, खेल एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में युवा शामिल थे। जिला स्तरीय दो दिवसीय युवा महोत्सव के पहले दिन महिला एवं पुरूष दोनो वर्गो में कबड्डी, खो-खो, गेड़ी दौड़, भंवरा, फुगड़ी एवं कुस्ती का आयोजन किया गया। महोत्सव में लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। महोत्सव के दूसरे दिन 26 नवंबर को मल्टीपर्पस स्कूल मैदान पेंड्रा में विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

## भारत स्काउट एवं गाइड का द्वितीय सोपान शिविर ओड़गी मे हुआ संपन्न

रामचंद्र जायसवाल -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ओड़गी- जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के आदेशानुसार जिला संघ के मार्गदर्शन में भारत स्काउट एवं गाइड्स का तीन दिवसीय द्वितीय सोपान शिविर ओड़गी मे संपन्न हुआ। विदित हो भारत स्काउट एवं गाइड राज्य मुख्यालय के निर्देशानुसार सभी विकास खण्डों मे द्वितीय सोपान शिविर का आयोजन किया जाना है, इसी तारतम्य में राजीव सिंह विख शिक्षा अधिकारी ओड़गी के मार्गदर्शन में 22 नवंबर 2022 से 24 नवंबर 2022 तक विख ओड़गी मे द्वितीय सोपान शिविर का आयोजन किया गया, अंतर्गत पांच उपखण्ड बनाकर शिविर आयोजित किया गया जिसमे शाउमा विद्यालय मोहरसोप, शा कन्याउमा वि बिहारपुर , शाउमा विद्यालय लांजित व शा उ मा वि पकनी मे तीन दिवसीय शिविर लगाकर स्काउटिंग के माध्यम से बच्चों को शारीरिक, नैतिक व बौद्धिक विकास के साथ अनुशासन व नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु गुण सिखाया गया, स्काऊट शिविर ओड़गी मे गौरी सिंह सरपंच ग्राम पंचायत ओड़गी के मुख्यातिथ्य, तथा प्रदीप सिंह प्राचार्य के अध्यक्षता , कन्हैया सोनी सहायक जिला संगठन आयुक्त के उपस्थिति तथा लांजित में राजेन्द्र गुर्जर उप सरपंच , हिमेन्द्र गुर्जर संस्था के प्राचार्य भगत सर, तथा पकनी में पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी ओड़गी जयप्रकाश साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

# जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट, सभागार मुरादाबाद में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में लाकड़ी फाजलपुर स्थित कुमार इण्टरनेशनल फर्म के पास सड़क की दुर्दशा के संबंध में नगर निगम एवं एमडीए को जिलाधिकारी ने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। प्रेम नगर एक्सपोर्ट जोन में सड़के टूटी होने तथा बिजली की सुविधा भी उपलब्ध नही होने एवं डिवाइडर नही होने के संबंध में नगर निगम द्वारा अवगत कराया गया है कि टूटी सड़कों की मरम्मत जल निगम द्वारा करा दी गयी है शेष सड़कों की मरम्मत हेतु 15वां वित्त आयोग निधि में कार्य सम्मिलित कर लिया गया है। शीघ्र ही निविदा आदि की कार्यवाही कर कार्य करा दिया जायेगा। पाकबडा से डींगरपुर को जोड़ने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़क की मरम्मत के संबंध में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण से जानकारी प्राप्त करते हुए रोड को दुरस्त कराने के निर्देश दिये हैं। एसईजेड की अप्रोच रोड की हालत अत्यधिक खराब होने के प्रकरण में जिलाधिकारी ने एनएचएआई को मौके पर पहुंचकर अप्रोच रोड को देखने तथा नाला निर्माण के निर्देश दिये हैं। लाकड़ी फाजलपुर सड़क के दोनों ओर मल्होत्रा हैण्डीक्राफ्ट से लेकर पैरागान मैटन इंडस्ट्री तक नालों की हालत अत्यधिक खराब होने के प्रकरण में जिलाधिकारी ने नगर निगम को स्थलीय निरीक्षण करने तथा नालियों की हालत में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं। हरथला औद्योगिक आस्थान में मैसर्स क्वालिट मिन्ट एण्ड एलाइड केमिकल के कारखाने से कूडा शिफ्ट किए जाने के प्रकरण में जिलाधिकारी ने नगर निगम को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। हरथला इंडस्ट्रियल स्टेट की सभी फैक्ट्री की बिजली सप्लाई आशियाना स्थित इंडस्ट्रियल फीडर से जोडे जाने के संबंध में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि प्रकरण के निस्तारण हेतु उद्यमियों की मुख्य अभियन्ता विद्युत के साथ बैठक करायें। जिलाधिकारी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों की सदन में समीक्षा की गयी तथा लम्बित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों के कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिये गये साथ ही निवेश मित्र पोर्टल से सम्बन्धित सभी विभागाध्यक्षों को इस बैठक में नियमित रूप से उपस्थित होने के भी निर्देश दिये गये।

बैठक में श्री सुमित यादव मुख्य विकास अधिकारी, एसपी देहात श्री अशोक कुमार, श्री शैलेन्द्र गौतम अधिशासी अभियन्ता, एलडीएम विशाल दीक्षित, विद्युत विभाग श्रीमती कविता सिंह, सी0डी0-1, श्री विजेन्द्रपाल, अधिशासी अभियन्ता, नगर निगम सहित अग्निशमन, आबकारी, एमडीए आदि विभागों के अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहें। बैठक का संचालन श्री योगेश कुमार, संयुक्त आयुक्त उद्योग द्वारा किया गया।

# हर माह 16 तारीख को होगी निक्षय दिवस की समीक्षा

मुरादाबाद।-टीबी उन्मूलन के उद्देश्य से हर माह की 15 तारीख को निक्षय दिवस मनाया जाएगा। इसकी समीक्षा 16 तारीख को की जाएगी। नेशनल हेल्थ मिशन की एमडी अपर्णा उपाध्याय ने जिला क्षय रोग अधिकारी को इस संबंध में गाइडलाइन भेजी है। हर महीने सात तारीख से ही इसकी तैयारियां शुरू होंगी। निक्षय दिवस पर सभी सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों में ओपीडी के 10 प्रतिशत मरीजों की बलगम एवं एक्स-रे की जांच की जाएगी। टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले परिवारों की भी जांच के आदेश दिए गए हैं। निक्षय पोषण योजना का लाभ सभी टीबी रोगियों तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर बैंक खाते खुलवाए जाएंगे। सभी सरकारी अस्पतालों में बलगम का सैंपल लेने के लिए कफ कॉर्नर बनाया जाएगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एनके कुरेचिया आशा कार्यकत्री घर-घर जाकर दो सप्ताह से अधिक की खांसी वाले व्यक्तियों को जागरूक करेंगी।

# फोटो सोशल मीडिया से वायरल करने की धमकी देकर छात्रा से ब्लैकमेलिंग, आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद-मुरादाबाद। कटघर थानाक्षेत्र में रहने वाली एक छात्रा से आरोपी ने स्नैपचैट पर आईडी बनाकर दोस्ती कर ली। आरोपी ने चैट का स्क्रीन शॉट लेकर छात्रा को ब्लैकमेल किया। आरोपी ने उससे दो हजार रुपये भी ऐंठ लिए। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित छात्रा बारहवीं कक्षा की छात्रा है। उसके पिता ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले बेटी के मोबाइल पर स्नैपचैट के माध्यम से मैसेज आया। जिसमें श्याम नाम से आईडी बनी थी। उसने चैटिंग कर छात्रा को प्रेमजाल में फंसा लिया। चैटिंग के दौरान आरोपी ने अपना नाम लक्की बताया। इतना ही नहीं विश्वास में लेकर आरोपी ने पीड़ित का मोबाइल नंबर भी ले लिया। फिर वाट्सएप कॉल कर बात करने लगा। शक होने पर पीड़ित ने आरोपी को उसके बारे में सब कुछ बताने को कहा तो वह टाल मटोल करने लगा। 16 नवंबर को आरोपी ने युवती को एक कैफे में मिलने के लिए बुलाया। वहां बातचीत के दौरान युवती को पता चला कि आरोपी समीर रजा बिलारी का रहने वाला है और मुस्लिम है। इसके बाद आरोपी ने उस पर दबाव बनाया कि धर्म परिवर्तन कर उससे निकाह कर ले। रजा के खिलाफ ब्लैकमेलिंग और धमकी देने का केस दर्ज किया गया है। बृहस्पतिवार को आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# पूर्व मंत्री विजेंद्र पाल सिंह के निधन पर Akhilesh Yadav ने ट्वीट कर जताया दुख, नाना कहते थे सपा अध्यक्ष

मुरादाबाद/संभल-समाजवादी पार्टी के दिग्?गज नेता पूर्व मंत्री विजेंद्र पाल सिंह के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी दुख प्रकट किया। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद विजेंद्र पाल सिंह यादव जी का निधन अत्यंत दु:खद है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें।शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं। तीन बार विधायक, सांसद के अलावा मंत्री रहे विजेंद्र पाल रिश्ते में पूर्व मुख्?यमंत्री मुलायम सिंह यादव के ससुर और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के नाना लगते थे। अखिलेश यादव उन्हें नाना कहकर ही पुकारते थे। दरअसल, विजेंद्र पाल सिंह की पत्नी कुसुमलता की एक बड़ी बहन स्नेहलता हैं, जो कि इटावा जिले की रहने वाली हैं और वहां से जिला पंचायत अध्यक्ष के पद पर तीन बार निर्वाचित हो चुकी हैं। स्नेहलता की बेटी का विवाह मुलायम सिंह यादव के सगे भाई राजपाल सिंह यादव के साथ हुआ। तभी से विजेंद्र पाल सिंह के परिवार का मुलायम परिवार से पारिवारिक रिश्ता कायम हो गया। विजेंद्र पाल सिंह रिश्ते में मुलायम सिंह यादव के ससुर लगते थे। उसी रिश्ते के आधार पर अखिलेश यादव विजेंद्र पाल सिंह को नाना जी कहकर पुकारते थे।जब मंच से मुलायम सिंह ने विजेंद्रपाल से कहा, हमने दहेज नहीं



मांगा- वर्ष 1998 में जब गुन्नौर में मुलायम सिंह यादव समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। तब उन्होंने मंच से विजेंद्र पाल सिंह से सवाल किया था कि वह अपनी बेटी का रिश्ता उनके भाई के लिए लेकर गए थे तो उन्होंने दहेज तो नहीं मांगा। वह दहेज में विश्वास न रखते हुए रिश्ते में विश्वास रखते हैं। कार्यकर्ताओं से भी उनका पारिवारिक रिश्ता स्थापित रहे यही प्रयास करते हैं।

## 1980 में सांसद तो 1985 में बने पहली बार विधायक

विजेंद्रपाल सिंह का राजनीतिक करियर वर्ष 1977 से शुरू हुआ। वह बहजोई विधानसभा से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे और मामूली अंतर से चुनाव हार गए थे। जिसके बाद कांग्रेस ने 1980 में उन्हें संभल लोकसभा से टिकट दिया तो पहली बार सांसद बने। हालांकि, 1985 में उनका टिकट सांसद पद के लिए काट दिया गया, जिसके बाद फिर बहजोई से कांग्रेस के ही टिकट पर विधायक निर्वाचित हुए और नारायणदत्त तिवारी की सरकार में मंत्री बने।

## 1991 में बरेली जोन में बने थे कांग्रेस के एकलौते विधायक

वर्ष 1991 में वह बरेली और मुरादाबाद मंडल में से सिर्फ कांग्रेस की अकेली सीट बचाने में कामयाब रहे और दूसरी बार विधायक निर्वाचित हुए। इसके बाद 1993 में मुलायम सिंह यादव के करीब आए और समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर ली। पत्नी कुसुम लता यादव को 1993 में चुनाव लड़ाया लेकिन, वह हार गईं। जिसके बाद 1996 में फिर वह समाजवादी पार्टी से विधायक निर्वाचित हुए। 1995 में पत्नी कुसुम लता यादव को मुरादाबाद जिले से जिला पंचायत अध्यक्ष निर्वाचित कराने के साथ मुरादाबाद मंडल में उनकी पकड़ और मजबूत हो गई।

## बेटी ने संभाली पिता की राजनीतिक विरासत

बीच में उनका राजनीतिक सफर थम सा गया। इसके बाद 2004 में जैसे ही मुलायम सिंह यादव की सरकार बनी तो उन्हें दर्जा प्राप्त मंत्री बनाते हुए ओहदा बढ़ाया गया। इसके बाद राजनीतिक विरासत उन्होंने अपनी इकलौती बेटी पिंकी यादव को सौंप दी जो कि 2007 में विधानसभा चुनाव तो हार गई लेकिन, 2012 से और वर्तमान तक लगातार तीन बार से विधायक हैं और वहीं विजेंद्र पाल सिंह की राजनीतिक विरासत संभाल रही है।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

### New debate on Election Commission

Even though we have full faith in the autonomy, impartiality, neutrality and fearlessness of the Election Commission, there are some doubts and suggestions of the constitution bench of five judges of the Supreme Court. The constitution bench wants that the Chief Justice of the country should also be included in the appointment committee of election commissioners. This will ensure 'neutrality' in the process of appointment and selection. Such a person can be made to sit on a constitutional post, who does not allow himself to be forced or intimidated in front of the government. Could remain unaffected by all political pressures. The Attorney General and the Solicitor General of the country have considered this as interference of the judiciary in the executive. They also consider it a 'threat to democracy'. Top law officers believe that this may lead to rewriting of the constitution. The constitution has fixed the classification of different pillars of democracy and their powers, then where is the scope for interference? Actually the reference was that the cabinet has appointed Arun Goyal, a former Punjab cadre IAS officer, as the Election Commissioner. The Constitution Bench has asked for the file of the case on which the Attorney General has lodged an objection only to see the appointment process. The Constitution Bench finds some inconsistencies in the voluntary retirement of the officer and his appointment as Election Commissioner. The suggestion of making the Chief Justice a party to the appointment is incidental. Justice KM Joseph replied that the Chief Justice is also a party in the appointment of the CBI Director and the Central Vigilance Commissioners. So is democracy in danger? In fact, it has become a constitutional challenge between the Constitution Bench and the executive, which must be addressed at any cost. The concern and question of the Constitution Bench is that the tenure of the Chief Election Commissioner and the remaining two commissioners is fixed at 6 years. Why are they not being fulfilled? Chief Election Commissioner and Commissioner are retiring before the fixed term or they are being forced to resign? The Constitution Bench is worried that if the government appoints its 'yes man' as the commissioner, then the thinking of such a person will also be the same as that of the government. Everything looks fine, but whether he has freedom to act or not is a serious question. After all, it is a question of the Election Commission of the country, which should be fully autonomous and independent. The constitution bench is headed by Justice KM Joseph, who is in favor of significant reforms in the role and autonomy of the Election Commission through this case. He also has a petition challenging the appointment of the new Election Commissioner. The Election Commission of India is a constitutional institution, which has been conducting election after election in independent India. It has kept the franchise of the citizens alive and relevant. the code of conduct have also been 'political' and 'discriminatory'. In fact, for decades there has been a demand that the appointment in the Election Commission should be 'bipartisan'. There has to be a side other than the government, so the presence of the Chief Justice of the country has been suggested. The Constitution Bench has intervened, so the reforms should be comprehensive and long term. There should be no scope for ad hocism. The personality of the Election Commission should be the same as it was during the tenure of TN Seshan.

## Rakhi Sawant Birthday: Once upon a time Rakhi Sawant was beaten badly by her maternal uncle for dancing, then she became a dancing queen like this



Rakhi Sawant, popularly known as Drama Queen in the Bollywood industry, does anything to stay in the limelight. He knows very well how to come in limelight. Rakhi has also been in controversy a lot. The real name of the famous actress in the whole world by the name of Rakhi Sawant is Neeru Bheda. Today is Rakhi Sawant's birthday. Rakhi is celebrating her 44th birthday today. Rakhi may not be good in acting, but has made a special identity through dance. Today Rakhi is a well-known name in the industry. Rakhi had to struggle a lot to reach here. Today, on the occasion of Rakhi's birthday, we are going to tell you about the struggle of her life, which will make you emotional. Neighbors once used to give food to fill the stomach - today very few people know about Rakhi Sawant, who lives a life of luxury, that her life has been full of struggle. To enter the industry, she changed her name from Neeru Bheda to Rakhi Sawant. Rakhi once told about the difficult days of her life in actor Rajeev Khandelwal show 'Juzbaat' Rakhi had told that she belongs to a very poor family. His mother had come to a hospital and his father was a constable in the Mumbai Police. Being a big family, he used to live with great difficulty. Sometimes it used to happen that they didn't even have food to eat, so Rakhi used to pick up the food that the neighbors threw away and eat it. Uncle used to beat badly for dancing - In this interview, Rakhi further told, 'He was very fond of dance and acting since childhood. She always dreamed of becoming a hit actress when she grew up, but her maternal uncle didn't like Rakhi's dance. He always used to beat Rakhi a lot for dancing. Because girls were not allowed to dance in their family. In such a situation, Rakhi's maternal uncle did not like all this at all, so whenever she used to dance, her maternal uncle used to beat her a lot. She ran away from home after stealing money from her parents – Rakhi had further told that the family members wanted to get her married. In such a situation, he thought it right to run away from home to fulfill his acting dream. Rakhi, on the other hand, ran away after stealing her parents' money. After running away from home, Rakhi's family broke off relations with her, after which she was left completely alone. Rakhi did not know anything about how to enter the industry. She didn't even know how to do a photoshoot to become an actress, nor was she educated, nor did she know what an item song was, she just used to go for auditions because she wanted to become a heroine. However, despite all this, Rakhi did not give up and started making her mark.

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 6,563 बच्चों को मिला निशुल्क लाभ - डा. उमेश त्रिपाठी

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत 0 से 19 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क इलाज की सुविधा मुहैया कराई जाती है। यह योजना गरीब व जरूरतमंद बच्चों के लिए बेहद लाभकारी योजना है। योजना के अंतर्गत इस वर्ष अप्रैल माह से अब तक 6,563 बच्चों को निशुल्क लाभ मिला है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 0 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों के चार 'डी' पर फोकस किया जाता है 7 जिनमें डिफेक्ट एट बर्थ, डिफिशिएंसी, डिसीज, डेवलपमेंट डिलेज इन्क्लूडिंग डिसएबिलिटी यानि किसी भी प्रकार का विकार, बीमारी, कमी और विकलांगता है। उन्होंने बताया कि जिले में इस वर्ष अप्रैल माह से अब तक 6563 बच्चों को योजना के अंतर्गत लाभ मिला है। 1231 बच्चों को चश्मे वितरित किए गए हैं।इसके अलावा जिले में जन्मजात विकृति ( कटे फटे होंठ व तालू, क्लब फुट, दिल में छेद, न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, मूक बधिर व अन्य विकृति ) से ग्रसित 84 बच्चे चिन्हित किए गए हैं। इसमें से 58 बच्चों को इलाज मिल चुका है। सीएमओ ने कहा कि



आरबीएसके योजना गरीब व जरूरतमंद बच्चों के लिए बेहद लाभकारी है। जिले में 0 से 19 वर्ष तक के बच्चों को निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध है। योजना के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ ओ.पी. आर्य ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग आंगनबाड़ी केंद्रों में होती है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर साल में दो बार यानी प्रत्येक 6 माह पर बच्चों की स्क्रीनिंग की जाती है। इसके लिए जिले के 1,864 आंगनवाड़ी केंद्रों पर 3,728 विजिट के दौरान कुल 1.29 लाख बच्चों की स्क्रीनिंग किया जाना लक्षित है। । उन्होंने बताया कि जिले में इस वर्ष अब तक 1,655 आंगनवाड़ी केंद्र विजिट की जा चुकी है, इस दौरान 94 हजार से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग की गई है। 6 से 18 साल तक के बच्चों की स्क्रीनिंग उनके स्कूलों में जाकर की जाती है ताकि बीमारियों के समुचित इलाज में देरी न हो। इसके लिए जनपद में कुल 1999 स्कूल विजिट के दौरान कुल 1.47 लाख बच्चों की स्क्रीनिंग किया जाना लक्षित है। इसमें से 1381 स्कूल विजिट की जा चुकी है, इस दौरान 85 हजार से अधिक बच्चों की स्क्रीनिंग की गई है। डिस्ट्रिक्ट अर्लीइंटरवेंशन सेंटर (डीईआईसी) मैनेजर अभिलाष सिंह ने बताया कि जनपद में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 16 टीम कार्यरत है। जनपद के 8 ब्लॉक में कुल 2-2 टीम कार्यरत है। प्रत्येक टीम में दो डॉक्टर, एक स्टाफ नर्स व एक पैरामेडिकल स्टाफ होता है। आरबीएसके योजना के अंतर्गत चिन्हित 40 बीमारियों का इलाज निशुल्क किया जाता है। लाभार्थी अली के पिता बाबर निवासी ग्राम कोछी डेरा ने बताया कि उनके पुत्र अली का जन्म अगस्त 2021 में हुआ था। जन्म के समय से ही अली का होठ व तालु कटा हुआ था। आरबीएसके टीम ब्लॉक सकीट द्वारा लाभार्थी अली का पंजीकरण किया गया व इसके बाद नवंबर 2022 को आरबीएसके टीम द्वारा स्माइल ट्रेन के अंतर्गत सारस्वत हॉस्पिटल आगरा में अली का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद अली का होठ ठीक हो जाएगा। यह योजना उनके लिए बहुत अच्छी है। उन्होंने बताया कि इलाज के लिए कोई शुल्क नहीं देना पड़ा।

# कचहरी की प्रमुख सड़कें बन गईं पार्किंग स्थल

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -शादीलाल परिसर शादीलाल परिसर में स्टेट बैंक और केनरा बैंक है। यहीं लीड बैंक का भी प्रमुख कार्यालय है। सुबह दस बजे अगर आपको इस रोड से निकलना हो तो जगह नहीं बचती। आधी सड़क पर बाइक खड़ी मिलती हैं तो कुछ पर चारपहिया वाहन। इस स्थान पर हर समय पुलिस की टीमें लगी रहती हैं। इसके बावजूद सड़क पर ही लोग बाइक खड़ा कर बैंक की ओर निकल जाते हैं। पार्किंग बनवाने के लिए कई बार पत्र लिखे जा चुके हैं। हाल ही में आए मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात के समय दिए पत्र में पार्किंग बनवाने की मांग की है। वाहनों की भीड़ के कारण निकलने के लिए सड़क पर जगह नहीं बचती है। दिनभर परेशानी रहती है।- रामनरेश मिश्रा, एडवोकेट, अध्यक्ष कलक्ट्रेट बार एसोशिसएन. पैदल निकलने के लिए भी सड़क पर नहीं बचा स्थान- कचहरी चौराहा से डीएम कार्यालय के लिए जाने वाली सड़क सुबह पूरी तरह वाहनों से भरी नजर आई। हालात यह थे कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। कचहरी पर अधिवक्ताओं के अलावा जिलेभर से वादकारी भी आते हैं। कहचरी के जेल रोड की तरफ के पास बनी दूसरी सड़क का भी कमोवेश यहीं हाल रहता है। इस सड़क पर भी दोपहिया वाहनों का स्टैंड जैसा नजारा रहता है। पूरी कचहरी पर कहीं पर कोई पार्किंग का स्थान नहीं है। दिनभर लोग इस समस्या से जूझते रहते हैं।

# 02 आरोपियों को क्रमशः 05-05 वर्ष कठोर कारावास एवं 1,00,000 व 10,000 अर्थदंड की मिली सजा

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से धोखाधडी के मामले में 02 आरोपियों को क्रमशः 05-05 वर्ष कठोर कारावास एवं ?1,00,000 व 10,000 अर्थदंड की मिली सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 24/11/22 को अभियुक्त सुरेंद्र शर्मा पुत्र दत्त शर्मा निवासी धतुरी थाना सलिमपुर जनपद बुलंदशहर एवं अभियुक्त प्रवेंद्र सिंह राघव पुत्र फतेह सिंह निवासी धतुरी थाना सलिमपुर जनपद बुलंदशहर संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 1257/18 धारा 420 आईपीसी को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय एसीजेएम जलेसर द्वारा अभियुक्त सुरेंद्र शर्मा उपरोक्त को 5 वर्ष कठोर कारावास एवं ?100000 अर्थदंड से दंडित किया गया एवं अभियुक्त प्रवेंद्र सिंह राघव उपरोक्त को 5 वर्ष कठोर कारावास एवं ?10000 अर्थदंड से दंडित किया गया।

# दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को 10 वर्ष साधारण कारावास एवं 30,000 अर्थदंड की मिली सजा

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -एटा पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी को 10 वर्ष साधारण कारावास एवं ?30,000 अर्थदंड की मिली सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 24/11/ 2022 को अभियुक्त घमंडी पुत्र पप्पू सिंह ठाकुर निवासी पुरसारी थाना जैथरा एटा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 385/16 धारा 376,506 भादवी थाना जैथरा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय पोक्सो द्वितीय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष कारावास एवं ?30000 अर्थदंड से दंडित किया गया।

# पूरे प्रदेश और देश की स्थिति है वही मैनपुरी की स्थिति है, मैनपुरी में जीतेगी बीजेपी



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा पहुंचे एटा, पूरे प्रदेश और देश की स्थिति है वही मैनपुरी की स्थिति है,मैनपुरी में जीतेगी बीजेपी, मैनपुरी बीजेपी के कभी नहीं जितने के सवाल पर कहा बीजेपी तो बहुत से ऐसे स्थान है जहां कभी नहीं जीती लेकिन अब जीत रही है। लोग कहते थे आजमगढ़ कभी बीजेपी नहीं जीत सकती, रामपुर भी कभी नहीं जीत सकती लेकिन दोनों जगह बीजेपी जीती। बीजेपी तो अरुणाचल प्रदेश नागालैंड मणिपुर मेघालय तक जीत का आई,बीजेपी बहुत बड़ा वटवृक्ष हो चुका है

अब बीज नही रहा है। बीजेपी का कार्यकर्ता कैडरबेस का कार्य करता है, शिवपाल यादव के डिंपल यादव के समर्थन में प्रचार करने पर कहा, बीजेपी के खिलाफ तो सपा बसपा कांग्रेस आदरणीय नेताजी सब मिलकर चुनाव चुनाव लडे थे फिर भी बीजेपी चुनाव जीती। मोदी जी योगी जी के विकास के कार्य और जनता के प्रति संकल्प लिए हुए कार्य पूरा करना

# 10 जुआंरी/सटोरिया गिरफ्तार, कब्जे से कुल 12080 रूपये नकद व जुआं/सट्टा खेलने की सामग्री बरामद

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -अवैध जुएं/सट्टे के विरूद्ध कासगंज पुलिस का अभियान जारी, 10 जुआंरी/सटोरिया गिरफ्तार, कब्जे से कुल 12080 रूपये नकद व जुआं/ सट्टा खेलने की सामग्री बरामद कृपया अवगत कराना है कि पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री जितेन्द्र कुमार दुबे के पर्यवेक्षण में जनपद में जुआंरियों एवं सटोरियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 24/ 25.11.2022 की रात्रि को जनपद के थाना गंजडुण्डवारा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 10 जुआंरी को समय करीब 19.50 बजे गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से कुल 12080 रूपये नकद व जुआं खेलने की सामग्री बरामद की गई । अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना गंजडुण्डवारा पर मु0अ0सं0 285/22 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का विवरण 1. असलम पुत्र नवी अहमद नि0 ग्राम गनेशपुर थाना गंजडुण्डवारा जनपद कासगंज । 2. इमरान पुत्र अजीज नि0 उपरोक्त 3. तस्लीम पुत्र शमशाद नि0 उपरोक्त 4. अब्दुल जब्बार पुत्र अब्दुल सत्तार नि0 उपरोक्त 5. शाह आलम पुत्र नवी आलम नि0 उपरोक्त 6. अनीस पुत्र इसरार नि0 उपरोक्त 7. मुन्तजार पुत्र जान मौहम्मद नि0 उपरोक्त 8. रहीश पुत्र हनीफ नि0 पटियाली रोड थाना गंजडुण्डवारा जनपद कासगंज 9. हसनैन पुत्र यामीन नि0 उपरोक्त 10. जीशान पुत्र हनीफ नि0 उपरोक्त बरामदगी -* कुल 12080 रूपये नकद व जुआँ सट्टा खेलने की सामग्री

# कलेक्टर ने रीपा की प्रगति, धान खरीदी केंद्र और अमृत सरोवर का किया निरीक्षण

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जनपद पंचायत मरवाही के ग्राम पंचायत बंशीताल, पीपरडोल एवं मरवाही का दौरा कर रीपा की प्रगति, धान खरीदी केंद्र और अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। उन्होने बंशीताल गौठान में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) की प्रगति का अवलोकन किया। उन्होंने तेल मील और फ्लाई ऐश ब्रिक्स (ईंट) निर्माण के लिए तैयार किए जा रहे शेड, कार्यालय सहित जरूरी आद्योसंरचना के कार्यों में तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण करने को कहा ताकि उत्पादन शीघ्र शुरू हो सके और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके। उन्होने पीपरडोल पंचायत में अमृत सरोवर का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र पीपरडोल का निरीक्षण किया और उनके परिसरों का समतलीकरण कराने जनपद सीईओ मरवाही को निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र बंशीताल और मरवाही का निरीक्षण किया और किसानों द्वारा विक्रय हेतु लाए गए धान की अलग-अलग ढेरियों का अवलोकन कर धान की नमी एवं धान की शुद्धता की जांच की। उन्होने किसानों से टोकन की आदि की जानकारी ली। उन्होंने मिलर्स द्वारा धान उठाव के लिए जिला विपणन अधिकारी को निर्देश दिए इसके साथ ही मरवाही धान उपार्जन केंद्र जंगल से लगे होने पर वन विभाग से समन्वय कर हाथियों की आशंका को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सावधानी बरतने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री देव सिंह उईके, सीईओ डॉ. राहुल गौतम, सहायक पंजीयक सहकारिता श्री यू के कौशिक, जिला विपणन अधिकारी श्री लोकेश देवांगन, धान खरीदी व्यवस्था के नोडल अधिकारी श्री आर के उरांव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# एक़ दिवसीय विज्ञान वर्क शॉप पेंड्रा आत्मानंद विद्यालय मे आयोजित

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा के मार्गदर्शन मे एक़ दिवसीय विज्ञान वर्क शॉप का आयोजन स्वामी आत्मानंद विद्यालय पेंड्रा मे किया जिसमें जिले के चार विद्यालय स्वामी आत्मानंद पेंड्रा हिंदी व अंग्रेजी माध्यम सेजस सेमरा एवं कन्या विद्यालय पेंड्रा शामिल हुए कार्यक्रम मे संबंधित विद्यालय के प्राचार्य व्ही के वर्मा एन के तिवारी व एल पी डाहिरे अतिथि के रूप मे शामिल हुए जीपीएम वर्क शॉप के समन्वयक नागेंद्र सिंह ने बताया के इस तरह का नया प्रयोग बी आई टी रायपुर के सहयोग से हम कर रहे है ज़ो की बच्चो को नई चीज सीखने मे मददगार होगा ऐसे कार्यक्रम लगातार होते रहने चाहिए इस जिले के लिए यह नया प्रयोग है ज़ो की अभी 80बच्चों के साथ किया गया है आगे और बेहतर करने का प्रयास होगा सभी विद्यालय से विज्ञानं समूह के बच्चों के साथ इस कार्यक्रम 卐दृष्टिकोण卐 डू इट योर सेल्फ प्रोजेक्ट्स ऑन आर्डिनो एंड सेंसर पर कार्य किया गया वर्क शॉप इन मुख्य बिन्दुओ पर आयोजित थी बेसिक्स ऑफ आर्डिनो,ऑटोमेटिक् स्कूल बेल सिस्टम यूसिंग आर्डिनो सोलर पॉवर बेस्ड मोबाइल चार्जिंग सिस्टमआब्स्टेकल् अवोइडिंग रोबो कार, कैरियर गाइडेन्स भिलाई प्रोद्योगिकी सन्स्थान, रायपुर टीम प्रो. अभिनब शुक्ला प्रो. जयदीप प्रो. हेमंत वर्मा प्रो. अभिषेक साहू सभी बच्चो ने पूर्ण सहभागिता इस वर्क शॉप मे दी विभिन्न विद्यालयों से आय शिक्षक व प्रभारी उपस्थित रहे.

# महिला प्रधानों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-पंचायती राज विभाग के तत्वाधान में सेन्टर फार कैटेलाइजिंग चेन्ज सी-3 के सहयोग से विकास खण्ड हरिहरपुररानी के महिला प्रधानों के नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल एवं लैंगिक समानता विषयक 2 दिवसीय प्रशिक्षण ज़िला पंचायत रिसोर्स सेन्टर श्रावस्ती में सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर महिला प्रधानगणों को संबोधित करते हुए स्टेट हेड सी-3 सुचेता शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं में प्रशिक्षण के द्वारा नेतृत्व क्षमता और संचार कौशल का विकास होगा। जिससे विकास की मुख्य धारा प्रशस्त होगी तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में बहुत बड़ा कदम होगा। कार्य कुशल होकर वह अपने कार्य एवं दायित्वों का सम्यक निर्वहन कर सकेंगी। महिला नेतृत्व के विकास के प्रयास से ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य, पोषण एवं महिला संबंधी मुद्दों की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन होगा।कार्यशाला को संबोधित करते हुए ज़िला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव ने महिलाओं की क्षेत्र में सहभागिता एवं पंचायत में सक्रिय रहने को कहा। ग्राम पंचायत विकास योजना बनाते समय स्वास्थ्य व पोषण की गतिविधियों को सम्मिलित करने पर ज़ोर दिया तथा खुद अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए आगे आने का आहवहन किया जिससे महिला हितैषी पंचायतों का सपना पूरा किया जा सके। प्रशिक्षण में पशिक्षकों के रूप में बृजेश कुमार पाण्डेय, प्रबन्धक डीपीआरसी, श्रावस्ती ने पंचायती राज की संरचना, समितियों का गठन और उनके कार्य, ग्रात पंचायत विकास योजना और सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण के 9 थीमो पर विस्तृत चर्चा की। सुश्री अंजलि दत्ता, तकनीकी सलाहकार सी3 ने संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता संबर्धन, लैंगिक समानता को गतिविधियों के माध्यम से बताया। डा0 प्रियंका शुक्ला ने स्वास्थ्य व पोषण और उसमें प्रधन की सहभागिता पर विस्तृत चर्चा की।

सी3 के जिला प्रबन्धक श्रावस्ती अशोक शर्मा ने ग्राम पंचायत स्तर पर सहयोग के लिए सी3 को हमेशा तत्पर रहने का भरोसा देते हुए आदर्श गांव की कल्पना में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की।

इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन डी0सी0 राज कुमार त्रिपाठी, डीपीएम जटा शंकर मिश्रा, डीसी हरिगेन्द्र वर्मा एवं सी3 संस्था टीम में अंजनी मिश्रा, आशुतोष दूबे, धनीराम व अल्का तिवारी, ममता पाण्डेय, अनामिका सिंह, सुनिता वर्मा, लज्जावती, फातमा खातून बेगम आदि प्रधानगण उपस्थित रहे।

# गैंगस्टर एक्ट का वांछित व रु0 25 हजार का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी इकौना श्री महेंद्र पाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव थाना नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती मय हमराह टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान थाना नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती पर पंजीकृत मुकदमा अपराध से संबंधित वांछित व रुपया 25000 का पुरस्कार घोषित अभियुक्त जालिम पुत्र शेर खान निवासी बंजारन पुरवा दाखिला मंझवा बनकट थाना विशेश्वर गंज जनपद बहराइच को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त जालिम पुत्र शेर खान निवासी बंजारन पुरवा दाखिला मंझवा बनकट थाना विशेश्वर गंज जनपद बहराइच एक अभ्यस्त अपराधी हैं। जिसके विरुद्ध गोवध अधिनियम से संबंधित अभियोग पंजीकृत है तथा मुकदमा अपराध संख्या 111/2022 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट भी पंजीकृत है।अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा रुपया 25000 का पुरस्कार घोषित किया गया था। जिसे आज नवीन मॉडर्न थाना पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

# स्थानधारी के स्वर्गवास होने पर क्षेत्र मे शोक

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-श्रावस्ती जमुनहा पवित्र भट्ठा कुटी के स्थानधारी बाबा गरीबदास के गौलोक गमन हो गया। जिससे क्षेत्र के श्रद्धालुओ मे शोक की लहर दौड़ गई। साथ ही उनके अंतिम दर्शन करने को श्रद्धालु की भीड़ पहुंचने लगी। तहसील जमुनहा के जमुनहा भवनियापुर स्थित परम तपोस्थली के स्थानधारी बाबा गरीब दास(71) काफी समय से एक अंग पर लकवा मार जाने से लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। बाबा जी का स्वर्गवास हो गया। जिसकी जानकारी मिलते ही श्रद्धालुओ मे शोक की लहर दौड़ गई। तथा उनके अंतिम दर्शन करने को भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी। भट्ठा कुटी के नियम के अनुसार सन्यासी जब स्थानधारी बन जाते है तो भट्ठा कुटी स्थल के बाहर आना जान प्रतिबन्धित हो जाता है। बाबा गरीब दास का जन्म वर्ष 1951 मे ग्राम पंचायत बरगदहा मे हुआ था। छोटी उम्र मे मां पिता के स्वर्गवास हो जाने पर मात्र नौ वर्ष की उम्र मे ही भट्ठाकुटी पर दीक्षा लेकर सन्यासी बन गये थे। पूर्व स्थानधारी केशवदास जी महराज के स्वर्गवास हो जाने के बाद वर्ष 1996 मे बाबा गरीबदास को स्थानधारी बनाया गया था। तब से ही इस पवित्र स्थान के नियमो का पालन करते रहे थे। भक्तो को जानकारी मिलने पर भट्ठा कुटी पहुंचकर सामूहिक रूप से सीताराम का जप शुरू कर दिया गया। जिनका अन्तिम संस्कार मे जिला पंचायत अध्यक्ष दददन मिश्रा, भाजपा नेता रणबीर सिंह तथा भारी संख्या में लोग मौजूद रहै।